दिनांक 4 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

धनबाद से आकर रहने वाली अध्ययनरत कुछ छात्राओं के पास राशन लेने के लिए नहीं थे पैसे, निगम से मिली मदद पहुंचा राशन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत भूखे , असहाय, गरीब लोगों की मदद के लिए निगम में दानदाताओं द्वारा प्रदाय किए गए राशन का वितरण निगम में उपलब्धता के अनुसार जोन स्तर पर किया जा रहा है! धनबाद से आकर रहने वाले कुछ छात्र-छात्राएं जो भिलाई केपी के राय महाविद्यालय में स्नातक कर रही है उनके पास राशन लेने के लिए न ही पैसे थे और न ही खाने के लिए कुछ सामग्री इसकी सूचना मिलने पर निगम के अजय शुक्ला द्वारा छात्र-छात्राओं आकाश , विजय, रिया, पूजा को राशन उपलब्ध कराया गया! यह छात्र-छात्राएं अभी अय्यप्पा नगर में निवासरत है ! कोविड- 19 कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए 24 मार्च की रात 12:00 बजे से 21 दिनों के लिए केंद्र सरकार द्वारा लॉक डाउन की घोषणा की गई है! रोज काम करके आय अर्जित करने वाले लोगों के सामने रोजी-रोटी की समस्या होने पर ऐसे गरीब, भूखे, असहाय जरूरतमंदों के लिए राशन सामग्री देने का कार्य किया जा रहा है! निगम के जोन स्तर पर ही सारे कार्य किए जा रहे हैं ताकि वहां के जरूरतमंदों को आसानी से राशन उपलब्ध कराया जा सके ! ऐसे ही जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत से सामाजिक संगठन , समुदाय, व्यापारी गण, संस्था इत्यादि ने राशन प्रदाय कर सहयोग किया है! परंतु मांग करने वालों की संख्या को देखते हुए राशन की कमी हो सकती है! अगर आप भी ऐसे लोगों की मदद करना चाहते हैं जो लाचार हैं , भूखे हैं तो निगम के हेल्पलाइन नंबर 9109176812 नंबर पर तथा संबंधित जोन के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं!

जनसंपर्क अधिकारी